दिन– गुरूवार

दिनांक– 09 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल लेंगे राज्यसभा सदस्य की शपथ। तेरह अप्रैल के बाद शुरू होगी बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया।

02 प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा– विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र अधिक सहभागी बनेगा।

03. बिहार विधान परिषद के भोजपुर–बक्सर स्थानीय निकाय सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा। बारह मई को होगा मतदान।

04. और, आज से पोषण पखवाड़े की शुरूआत। राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। श्री कुमार शपथ ग्रहण के लिए दिल्ली पहुंच गये हैं। संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में नये लोगों को काम करने का अवसर मिलेगा।

–––साउंड बाइट–––

इस बीच, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि मुख्यमंत्री तेरह अप्रैल को पटना लौटेंगे। इसके बाद राज्य में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

–––साउंड बाइट–––

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के पटना वापस लौटने के बाद नई सरकार को लेकर एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी।

–––साउंड बाइट–––

---

बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर कल नई दिल्ली में भाजपा की एक बैठक बुलाई गयी है। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

संजय सरावगी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी शामिल होने की सम्भावना है।

---

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा है कि बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर सबकुछ तय कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में श्री नबीन ने कहा कि भाजपा ने हमेशा गठबंधन धर्म का सम्मान किया है। बिहार में सब कुछ नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही तय किया जा रहा है।

———साउंड बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए सोलह अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

———साउंड बाइट———

एक बहुत ही सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इन्हीं विषयों को लेकर के मैं आज अखबारों में एक लेख लिखा है। मेरे अपने विचार मैं साझा किया लेकिन मैं आज आपसे आग्रह करता हूं। आप इसलिए को जरुर पढ़े, औरो को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें और सभी राजनीतिक दलों को प्रेरित करें और उनका उत्साहवर्धन करे की वह उमंग के साथ 16, 17, 18 संसद में इस विशेष कार्य के लिए मिल रहे हैं, तो इसको पारित करें और सब मिलकर इसका जश्न मनाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि दो हजार उनतीस के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

———साउंड बाइट———

हमने कुछ वर्ष पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था, और सभी राजनीतिक दलों ने सहमति से किया था। और सबकी इच्छा है कि 2029 में जब लोकसभा के चुनाव होंगे तब हमारे देश के नारी शक्ति को जनप्रतिनिधियों के रूप में लोकसभा में विधानसभाओं में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए।

---

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक से महिलाओं की नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ेगी ओर समावेशी लोकतंत्र सुनिश्चित होगा। उन्होंने इस विधेयक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

–––साउंड बाइट–––

इधर, समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक को अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरूआत से ही महिलाओं की गरिमा और सम्मान पर ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर प्रयास किए हैं।

–––साउंड बाइट–––

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय निकाय प्राधिकार की रिक्त सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। सोलह अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि तेईस अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस अप्रैल को होगी जबकि उम्मीदवार सत्ताईस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। बारह मई को मतदान होगा और चौदह मई को मतों की गिनती की जायेगी। गौरतलब है कि जदयू के राधा चरण साह के इस्तीफे के चलते इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। वे भोजपुर जिले के संदेश विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुये थे।

---

असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान संपन्न हो गया। असम की सभी एक सौ छब्बीस सीटों, केरल की एक सौ चालीस सीटों और पुद्दुचेरी की तीस सीटों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

---

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में पोषण पखवाड़े के आठवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का विषय है – **जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास**। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खाने की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़े की शुरूआत हुई। पखवाड़े के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें माताएं, देखभालकर्ता, परिवार, सामुदायिक संस्थाएं और स्थानीय निकाय भाग लेंगे।

---

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी समेत किसी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की शत प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

–––साउंड बाइट–––

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में डिजिटल कृषि निदेशालय का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के बारह राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों में मॉडल कस्टम हायरिंग सेंटर और पच्चीस जिलों के बत्तीस अनुमंडलों में मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं का भी शुभारंभ किया। श्री यादव ने कहा कि डिजिटल कृषि निदेशालय की स्थापना से राज्य में डेटा–आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा।

–––साउंड बाइट–––

---

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

---

चंपारण डाक प्रमंडल ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में बचत खाता खोलने के क्षेत्र में बिहार सर्किल में पहला स्थान हासिल किया है। डाक प्रमंडल की इस उपलब्धि के लिए पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने डाक कर्मियों को सम्मानित किया।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कृषि बाजार उत्पादन समिति के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में एक रेहड़ी वाले ने पिकअप वैन चालक की हत्या कर दी। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने रेहड़ी वाले की पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने घटना की विस्तार से जानकारी दी।

———साउंड बाइट———

---

सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुलिंदाबाद में अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर सत्तावन हजार रुपए लूट लिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है।

---

कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र के हथिया दियारा लैला चौक के पास पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र के भगवतीपुर ईदगाह के पास अपराधियों ने एक मोटरसाईकिल सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

आकांक्षी जिला शेखपुरा के बरबीघा रेफरल अस्पताल में आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ उन्हें दवा और उचित सलाह दी गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल लेंगे राज्यसभा सदस्य की शपथ। तेरह अप्रैल के बाद शुरू होगी बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया।

02 प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा– विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र अधिक सहभागी बनेगा।

03. बिहार विधान परिषद के भोजपुर–बक्सर स्थानीय निकाय सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा। बारह मई को होगा मतदान।

04. और, आज से पोषण पखवाड़े की शुरूआत। राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।